Register Number

Language — Part I — HINDI — Paper II

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

I. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग तीन सौ शब्दों में एक निबन्ध लिखिए : 1 × 15 = 15

1) दहेज प्रथा

2) आधुनिक वैज्ञानिक साधन

3) कम्प्यूटर के लाभ और हानियाँ

4) हमारे यातायात के साधन ।

II. निम्नलिखित में से किसी एक कहानी का सारांश लगभग तीन सौ शब्दों में लिखिए : 1 × 15 = 15

5) मधूलिका

6) परमात्मा का कुत्ता

7) गंगासिंह

8) चीफ की दावत ।

III. पत्र लेखन : 1 × 10 = 10

9) स्थानीय विद्यालय में हुए रिक्त हिन्दी अध्यापक पद के लिए एक आवेदन पत्र विद्यालय के प्रधानाध्यापक के नाम लिखिए ।

अथवा

10) अपने स्कूल में हुए वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।

IV. 11) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

भरत के चरित्र को तुलसीदास बाहर से नहीं भीतर से संवारते हैं । उसे बड़ी सहजता और स्वाभाविकता से उभारते हैं । जैसे राम का नाम-स्मरण सुखदायक है वैसे ही भरत नाम पवित्र

[Turn over

बनानेवाला है । इसका कारण साफ है, भरत राम को प्राणों से भी प्रिय हैं । जिसे राम प्रिय हों वह महान बन जाता है । भरत में दोनों गुण घुले-मिले हैं । राम तो उन्हें प्रेम करते ही हैं, साथ ही साथ भरत भी राम से प्रेम करते हैं । जो राम को प्रिय हो या जिसे राम प्रिय हों, उस पर कोई आक्षेप लगाना या उसके बारे में कुछ अनुचित बोलना राम का अपमान होगा । इससे पाप भी बढ़ेगा । धर्म का मूलाधार यह है कि जब भक्त प्रभुमय हो जाता है, तब उसके संपूर्ण चरित्र में प्रभुता प्रकाशित हो जाती है ।

प्रश्न :

i) भरत में कौन-से गुण घुले-मिले हैं ?

ii) भरत के नाम के बारे में तुलसीदास क्या कहते हैं ?

iii) धर्म का मूलाधार क्या है ?

iv) राम का अपमान कब होगा ?

v) भरत के चरित्र को तुलसीदास ने कैसे उभारा है ?

V. 12) निम्नलिखित की संधि कीजिए : 5 × 1 = 5

अ) ने + अन

आ) वाक् + ईश

इ) प्रति + उपकार

ई) चन्द्र + उदय

उ) निः + संतान ।

13) निम्नलिखित शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5 × 1 = 5

अ) यद्यपि

आ) पुनरावृत्ति

इ) लोकोक्ति

ई) उद्योग

उ) तपोभूमि ।

VI. 14) निम्नलिखित शब्दों के समास-विग्रह करके नाम बताइए : $5 \times 1 = 5$

अ) दोपहर

आ) रसोईघर

इ) काली मिर्च

ई) घनश्याम

उ) माता-पिता ।

VII. 15) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर लिखिए : $5 \times 2 = 10$

अ) मैं अपना कपड़ा धोता हूँ ।

(वाक्य को संदिग्ध भूतकाल में बदलिए)

आ) मैं अपना जन्म दिवस मनाता हूँ ।

('मैं' के स्थान पर 'हम' शब्द का प्रयोग कीजिए)

इ) राधा प्रार्थना गीत गाती थी ।

(सामान्य भविष्यत काल में बदलकर वाक्य लिखिए)

ई) रमेश ने खाना खाया था ।

(सामान्य वर्तमान काल में बदलकर वाक्य लिखिए)

उ) अध्यापक पाठ पढ़ते हैं ।

(प्रेरणार्थक क्रिया में बदलकर वाक्य लिखिए)

VIII. 16) निम्न शब्दों में से किन्हीं दस के हिन्दी पर्याय लिखिए : $10 \times \frac{1}{2} = 5$

i) Transfer
ii) Order
iii) Circular
iv) Typist
v) Cabinet
vi) Manager
vii) Peon
viii) Army
ix) Rent
x) Allowance
xi) Signature
xii) Governor
xiii) Central Government
xiv) Chief Minister
xv) Advisor.